INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6 **3rd Lang.**	**Department: Hindi**	**Date of submission:**
Worksheet No: 6	**Topic :** अर्थग्रहण	**Note:** **Pl. file in portfolio**

निर्देश:- दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) लगाइए |

1. एक गरीब किसान था जो एक छोटे से गाँव में रहता था। वह हर साल अपनी ज़मीन पर खेती करता और चावल उगाता। लेकिन इससे पहले कि वह अपनी फ़सल काट पाता, लुटेरों ने आकर उसकी सारी फ़सल ख़राब कर दी। लुटेरे गाँव के पास वाले जंगल में रहते थे। हर दिन, वे गाँव से बाज़ार तक जाने वाली सड़क पर छिप जाते थे। वे उन ग्रामीणों की प्रतीक्षा में रहते थे, जो अपनी फसलों को बिक्री के लिए बाज़ार में ले जाते थे। जैसे ही ग्रामीण सड़क पर दिखाई देते, लुटेरे उन पर हमला करते और उनकी सारी संपत्ति लूट लेते थे।

क. छोटे से गाँव में कौन रहता था ?

(i) अमीर किसान (ii) गरीब किसान

(iii) पुजारी (iv) सेठ रामदास

ख. किसान हर साल खेती करके क्या उगाता था ?

(i) गोभी (ii) मक्का

(iii) चावल (iv) टमाटर

ग. किसने किसान की फ़सल ख़राब कर दी थी ?

(i) पागल हाथी ने (ii) भेड़ों ने

(iii) बकरियों ने (iv) लुटेरों ने

घ. लुटेरे कहाँ रहते थे ?

(i) गुफ़ा में (ii) गाँव के पास वाले जंगल में

(iii) शहर में (iv) हवेली में

2. एक जंगल में परिजात का एक पेड़ था। परिजात के पेड़ का कोई मुकाबला नहीं था। उसकी सुंदरता बेजोड़ थी। उसका रंग-रूप निराला था| परिजात को भी अपने गुणों के बारे में पता था | वह नीले आसमान में सिर उठाए इस शान से खड़ा रहता, मानो पेड़ों का सरताज (राजा) हो | जब बसंत के दिन आते तो परिजात अनगिनत नन्हें-नन्हें फूलों से लद जाता था, मानो किसी ने आकाश से सारे तारे तोड़कर परिजात की शाखाओं पर टाँक दिए हों | नन्हें फूलों से झिलमिलता परिजात जब सुगंध भरी पराग जंगल में बिखेरता तो जंगल नंदन वन बन जाता | चुंबक की तरह परिजात सबको अपनी तरफ़ खींचता, जिसे देखो वही परिजात की तरफ़ भागता था | सतरंगी शालें ओढ़े चटकीली तितलियाँ सहेलियों के साथ झुंड बनाकर परिजात का श्रृंगार देखने आतीं तथा जाते-जाते फूलों का ढेरों पराग अपने साथ खींचकर ले जाती थीं |

क. जंगल में किसका पेड़ था ?

(i) नीम (ii) परिजात
(iii) पीपल (iv) आम

ख. परिजात का पेड़ अपने आप को क्या समझता था ?

(i) पेड़ों का सरताज (ii) पेड़ों का दास
(iii) ईश्वर (iv) इनमें से कोई नहीं

ग. परिजात अनगिनत नन्हें-नन्हें फूलों से कब लद जाता था ?

(i) बसंत में (ii) पतझड़ में
(iii) वर्षा में (iv) सरदी में

घ. तितलियाँ क्या करती थीं ?

(i) परिजात के साथ बातें करती थी
(ii) परिजात के फूल ले जाती थीं
(iii) परिजात की डालियों पर गाना गाती थीं
(iv) परिजात के फूलों का पराग ले जाती थीं

●●●●●●●●●●●●●●●

उत्तर = गद्यांश-1

क. छोटे से गाँव में कौन रहता था ?

(ii) गरीब किसान

ख. किसान हर साल खेती करके क्या उगाता था ?

(iii) चावल

ग. किसने किसान की फ़सल ख़राब कर दी ?

(iv) लुटेरों ने

घ. लुटेरे कहाँ रहते थे ?

(ii) गाँव के पास वाले जंगल में

उत्तर = गद्यांश- 2

क. जंगल में किसका पेड़ था ?

(ii) परिजात

ख. परिजात का पेड़ अपने आप को क्या समझता था ?

(i) पेड़ों का सरताज

ग. परिजात अनगिनत नन्हें-नन्हें फूलों से कब लद जाता था ?

(i) बसंत में

घ. तितलियाँ क्या करती थीं?

(iv) परिजात के फूलों का पराग ले जाती थीं

●●●●●●●●●●●●●●●